कभी तेरी चौखट ना छोडेंगे हम

कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम,
चले लाख दुःख की आंधी,या तूफाने गम,
कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम

सदा तेरी सेवा बजाते रहेंगे,
तेरा नाम श्याम बाबा गाते रहेंगे,
चाहे लाख ढाहे कोई,हमपे सितम,
कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम,

तमन्ना यही है की, दरश तेरा पा ले,
ये मानव जनम को,सफल हम बना ले,
मिले ना मिले फिर ये,मानव जनम,
कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम

मैं सेवा में तेरी,करूँ खुद को अर्पण,
तेरा नाम गाउँ,हैं जब तक ये जीवन,
निकल जाए फिर ये तेरे,चरणों में दम,
कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम.....

कभी तेरा चौखट ना छोड़ेंगे हम,
चले लाख दुःख की आंधी,या तूफाने गम,
कभी तेरी चौखट ना छोड़ेंगे हम॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33675/title/Kabhi-teri-chaukhat-na-chodenge-hum

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |